रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 18, 1982 (अग्रहायण 27, 1904)
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 18, 1982 (AGRAHAYAN 27, 1904)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	763
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1745
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	31
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1525
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	2641
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	4003
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	353
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	421
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	18081
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	721
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	233
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2827
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	281
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolution and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	763
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1745
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	31
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1525
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	2641
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	4003
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rule and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	353
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	421
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	18081
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	721
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	233
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2827
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	281
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	

*Folio No. not received.

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 दिसम्बर 1982

सं० 48–प्रेज/82—राष्ट्रपति आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री गुन्टाका पन्डुरंगा राव,
कांस्टेबल सं० 2243, (मरणोपरांत)
टाडापल्ली थाना,
गुन्टूर जिला,
आन्ध्र प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8/9 जुलाई, 1979 की रात्रि को श्री गुन्टाका पन्डुरंगा राव को प्रकासम बांध और सीतानगरम् रेलवे पुल के बीच रात्रि की गश्त ड्यूटी पर तैनात किया गया था। अर्ध रात्रि के बाद लगभग 2.30 बजे श्री राव ने तीन अज्ञात अपराधियों को आयरन कास्ट ले जाते हुए देखा, जो प्रकासम बांध के शटरों के ऊपर रखे थे। पुलिस कांस्टेबल को देखकर एक अपराधी सड़क के रास्ते सीतानगरम् की ओर भागा जबकि अन्य दो कृष्णा नदी में कूद पड़े। श्री राव के साथी कांस्टेबल फकरुद्दीन और बांध के वाचमैन ने उस अपराधी का पीछा किया, जो सीतानगरम् की ओर भागा था। श्री राव और बांध का एक अन्य वाचमैन नदी में कूद पड़े और उन दो अपराधियों का पीछा करने लगे। परन्तु तेज बहाव के कारण श्री राव नदी में डूब गए और उनकी मृत्यु हो गई। श्री राव एक अच्छे तैराक थे किन्तु धारा की तीव्र गति का मुकाबला न कर सके।

श्री गुन्टाका पन्डुरंगा राव ने इस प्रकार वीरता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 जुलाई, 1979 से दिया जाएगा।

सं० 49-प्रेज/82—राष्ट्रपति 73वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री दिनकर सुभाना काम्बले,
कांस्टेबल सं० 781020507,
73वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 दिसम्बर, 1980 को सैनिक प्राधिकारियों द्वारा गमबलेट कुकी नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया और उसे यानगोपाकपी में सीमा सुरक्षा बल चौकी पर लाया गया। 10 दिसम्बर, 1980 को लगभग 07.15 बजे जब उग्रवादी के हाथ एक मजबूत रस्सी से बांधे हुए थे और एक सन्तरी उसकी निगरानी के लिए तैनात था, और उससे पूछताछ की जा रही थी तथा पूछताछ करने वाले टिप्पणी लिखने और नक्शों की जांच करने में व्यस्त थे तो उग्रवादी ने अपने हाथ छुड़ा लिए, सन्तरी को नीचे गिरा दिया और संतरी से राइफल छीन ली और भारत बर्मा सीमा की तरफ भागने लगा। संतरी ने शोर मचाया और गमबलेट कुकी के पीछे भागा। लेकिन दुर्भाग्यवश उसके पांव जंगली क्षेत्र में पेड़ों की बाहर निकली हुई नंगी जड़ों से उलझ गए और वह गिर गया। उग्रवादी घूमा और अपनी राइफल को चलाने के लिए तैयार किया और पीछा कर रहे सीमा सुरक्षा बल/सेना के कार्मिकों पर निशाना लगाया। इस बीच कैम्प के बाहर खड़े श्री दिनकर सुभाना काम्बले ने उग्रवादी को राइफल के साथ भागते हुए और संतरी को उसका पीछा करते हुए देखा। वे संतरी के पीछे भागे लेकिन यह महसूस किया कि उग्रवादी को, जो बर्मा में बच कर भाग सकता था, वश में करना सम्भव न हो पाएगा। तब श्री काम्बले ने एक ऊंचे स्थान पर पहुंचने के लिए झाड़ीदार और गुप्त घुमावदार रास्ता पकड़ा, जहां पर पहुंचने की उग्रवादी कोशिश कर रहा था। वे उस स्थान पर पहुंच गए जहां से उग्रवादी पीछा करते हुए दल पर गोली चलाने के लिए तैयार था। हालांकि वे निशस्त्र थे, फिरभी उन्होंने उग्रवादी को दबोच लिया और उससे भरी हुई राइफल छीन ली। उस समय तक पीछा करता हुए दल भी वहां पहुंच गया और उग्रवादी को दबोच लिया गया।

एक सशस्त्र उग्रवादी को दबोचने में श्री दिनकर सुभाना काम्बले ने उत्कृष्ट वीरता तथा साहस का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 दिसम्बर, 1980 से दिया जाएगा ।

सं० 50-प्रेज/82—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री अहन्थेम रोमन कुमार सिंह,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,
मणिपुर,
इम्फाल ।

श्री फुरायलाटपम हरी शर्मा
कांस्टेबल सं० 791111,
मणिपुर ।

श्री मुहम्मद फजुर रहमान,
कांस्टेबल सं० 3299,
मणिपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

9 जुलाई, 1980 को करीब 19.05 बजे लगभग सात सशस्त्र उग्रवादियों ने अस्पताल में कुछ बीमार आदमियों के परिचारक का बहाना करके सशस्त्र गार्ड पर आक्रमण कर दिया, जो एक बीमार की रक्षा के लिए रीजनल मैडिकल कालेज अस्पताल के शल्यचिकित्सा वार्ड में ड्यूटी पर था। उग्रवादियों ने गार्ड को मार दिया और गार्ड से गोला, बारूद के कुछ राउंड सहित सात राइफलें ले लीं और बच कर भाग गए। श्री अहन्थेम रोमन कुमारसिंह को घटना के बारे में सूचना मिली और वे तुरन्त चार कांस्टेबलों के साथ मैडिकल कालेज अस्पताल की ओर चल पड़े। परन्तु अस्पताल को जाने के लिए आम रास्ते के बजाय बहुत ही कम प्रयोग किए जाने वाले मार्ग से वे अस्पताल को गए। जब श्री सिंह इबोटोसना गर्ल्स हायर सेकन्डरी स्कूल के पास उरीपाक के छोटे मोड़ पर पहुंचे, तो अचानक उनका सामना एक स्कूटर पर सवार दो युवकों से हुआ जो .303 की कई राइफलें लिए हुए थे और मैडिकल कालेज की ओर से आ रहे थे। श्री सिंह ने ड्राइवर के कन्धे के ऊपर से अपना हाथ बाहर निकाल कर अपनी पिस्तौल निकाल ली और उग्रवादियों पर गोली चला दी। वे वाहन से उतरे और श्री फुरायलाटपम हरी शर्मा और श्री मुहम्मद फजुर रहमान के साथ उन्होंने उग्रवादियों का पीछा किया। उन्होंने उग्रवादियों पर गोली चलाई जिसके परिणामस्वरूप एक उग्रवादी स्कूटर से गिर पड़ा। उग्रवादियों में से एक ने पुलिस दल पर भी गोली चलाई। मुठभेड़ हुई जिसमें दूसरे उग्रवादी को काबू में कर लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। पहले उग्रवादी की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।

सशस्त्र उग्रवादियों को पकड़ने में श्री अहन्थेम रोमन कुमार सिंह, श्री फुरायलाटपम हरी शर्मा और श्री मुहम्मद फजुर रहमान ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 जुलाई, 1980 से दिया जाएगा ।

सं० 51-प्रेज/82—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बिपुल बिहारी सिकदार, (मरणोपरांत)
हैड कांस्टेबल सं० 437,
जगतदल थाना,
24 परगना,
पश्चिम बंगाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

29 नवम्बर, 1980 को लगभग 18.20 बजे जगतदल थाने में सूचना मिली कि कुछ अपराधी अपराध करने के लिए ई०एस० डी० रेलवे साइडिंग के निकट अटचाल बगान में एक मकान में एकत्र हुए हैं। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस दल भेजा गया। जब वे उस मकान की ओर बढ़े जहां अपराधियों के छिपने का सन्देह था, तो उन पर बमों से हमला किया गया। बिजली बन्द होने के कारण सारे क्षेत्र में घुप अन्धेरा था। अन्धेरे की आड़ में कुछ स्थानीय बंगाइयों ने भी पुलिस पर बम फैंकने आरम्भ कर दिए जिसके परिणामस्वरूप कुछ पुलिस कर्मचारियों को चोटें आईं और एक पुलिस वाहन को क्षति हुई। पुलिस दल पर आक्रमण के विषय में सुनकर, श्री बिपुल बिहारी सिकदार, जो घटनास्थल से लगभग एक फर्लांग गश्ती ड्यूटी पर थे, शीघ्रता से अटचाल बगान तक आये। वहां पहुंचकर उन्हें मालूम हुआ कि पुलिस दल संकट की स्थिति में था। उन्होंने अपनी राइफल से ग्यारह राउंड चलाए और अपने कांस्टेबल को भी अपनी बन्दूक से गोली चलाने के लिए कहा। उन्होंने अपराधियों का पीछा भी किया और उनके आमने-सामने आ गए। इसी बीच अपराधियों के दल की एक अन्य टुकड़ी ने दूसरी दिशा से श्री सिकदार पर बम फैंका जो उनकी पीठ पर फटा। इसके परिणामस्वरूप श्री सिकदार घातक रूप से घायल हुए। उनको अस्पताल ले जाया गया परन्तु चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

कुछ भयंकर अपराधियों को पकड़ने के प्रयत्न में तथा अपने साथी पुलिस कर्मचारियों की सहायता करने में श्री विपुल बिहारी सिकदार ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और अति उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 नवम्बर, 1980 से दिया जाएगा ।

सं० 52-प्रेज़/82—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अहन्थेम रोमन कुमार सिंह,
अपर पुलिस अधीक्षक (केन्द्र),
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

उग्रवादियों ने मणिपुर में थंगमेइबन्द क्षेत्र की स्थानीय जनसंख्या को भयभीत करने के विचार से ताकि वे उनकी विद्रोही गतिविधियों में बाधा न डालें, कुमारी निन्गोम्बाम सोरोजुबाला देवी नामक लड़की का अपहरण किया और उसकी हत्या कर दी। 25 मार्च, 1982 को प्रातः लगभग 5.00 बजे श्री अहन्थेम रोमन कुमार सिंह को सूचना मिली कि पुंगोउबा नामक एक व्यक्ति के नेतृत्व में चार सशस्त्र कट्टर उग्रवादियों का एक गिरोह इम्फाल के खुयाथोन्ग बाजार के आसपास देखा गया है। श्री सिंह ने एक सिविल मिनी बस किराये पर ली और खुयाथोन्ग की ओर बढ़े। उन्होंने चार-चार पुलिस कार्मिकों के दो रुकावट दलों में से एक को खुयाथोन्ग बाजार के यातायात चौराहे के निकट और दूसरे को मोइरंग पोक्पा लैमांग के पास तैनात किया जो उग्रवादियों के बच निकलने के सम्भव मार्ग थे। तीन पुलिस कार्मिक और श्री सिंह मिनी बस में ही रुके रहे, जिसे नागा मापाल रोड के पास खड़ा किया गया था। प्रातः लगभग 7.20 बजे उग्रवादियों का नेता पुन्गोउबा चुपके से थंगमेइबन्द पोलेम लेइकै नामक स्थान से बाहर आया और उस स्थान से जहां श्री सिंह और उनका दल मिनी बस में प्रतीक्षा कर रहा था, लगभग 200 फुट दूर सड़क के चौराहे पर खड़ा हो गया। मिनी बस को उग्रवादियों की ओर ले जाया गया। श्री सिंह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए चलती हुई बस से तेजी से बाहर निकले और उग्रवादी पर झपटे तथा उसके साथ हाथापाई के बाद उसे दबोच लिया। उग्रवादी ने एक भरी हुई रिवाल्वर निकाली और श्री सिंह पर गोली चलाने की कोशिश की किन्तु श्री सिंह ने उसमें भरी रिवाल्वर छीन ली। उग्रवादी को पकड़ लिया गया।

एक सशस्त्र उग्रवादी को गिरफ्तार करने में श्री अहन्थेम रोमन कुमार सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 मार्च, 1982 से दिया जाएगा।

सं० 53-प्रेज़/82—राष्ट्रपति राजस्थान सरकार के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री कल्याण सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल सं० 241,
जिला डूंगरपुर,
राजस्थान।

श्री शंकर लाल,
कांस्टेबल सं० 173,
जिला डूंगरपुर,
राजस्थान।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

18 मई, 1980, को गांव जोथारी थाना धमबोला के एक व्यक्ति श्री नत्थुलाल से यह शिकायत प्राप्त होने पर कि उस पर उसी गांव के एक व्यक्ति रामचन्द्र ने तलवार से हमला किया है, पुलिस बाह्य चौकी विजा के माध्यम से अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए वारंट भेजे गए। श्री विजय लाल, कांस्टेबल, को वारंट देने के लिए भेजा गया परन्तु अभियुक्त रामचन्द्र ने उन पर हमला किया और उनकी हत्या कर दी। फिर अभियुक्त भाग गया। 14 जुलाई 1980, को पुलिस स्टेशन कोतवाली, डूंगरपुर, में सूचना प्राप्त हुई कि रामचन्द्र, किशोरी लाल के होटल पर बैठा था। श्री कल्याण सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ होटल में प्रवेश किया और अपने जीवन की परवाह किए बिना अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया परन्तु रामचन्द्र ने उनकी छाती और पेट में दो बार छुरा घोंपा जिसके परिणामस्वरूप श्री कल्याण सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। तब कांस्टेबल शंकर लाल अभियुक्त रामचन्द्र पर झपटे और उसको काबू में कर लिया। अभियुक्त ने श्री शंकर लाल को भी छुरा घोंपने की कोशिश की परन्तु वे बच गए। किन्तु श्री शंकर लाल को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

सशस्त्र अपराधी को पकड़ने के प्रयास में श्री कल्याण सिंह ने कर्त्तव्य की वेदी पर अपने जीवन को बलिदान कर दिया और श्री शंकर लाल को चोटें आईं। दोनों ने उत्कृष्ट वीरता और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 जुलाई, 1980 से दिया जाएगा।

मु० नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 अक्टूबर 1982

संकल्प

विषय : राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद (रा० शै० अ० प्र० परि०), नई दिल्ली के पुनर्गठन पर विचार करने के लिए कार्य बल का गठन।

सं० एफ० 1-73/81-स्कूल-4—सरकार द्वारा कार्य बल की स्थापना दिनांक 30 जनवरी, 1982 के संकल्प संख्या एफ० 1-73/81-स्कूल-4 द्वारा की गई थी। मूलतः इसे अपनी रिपोर्ट अपना कार्य शुरू करने की तारीख से छः महीने के अन्दर प्रस्तुत करनी थी। अब कार्य बल द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समयावधि को बढ़ाकर 31-12-1982 तक करने का निर्णय किया गया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ शासित प्रशासनों और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एम० सत्यम, संयुक्त सचिव

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(नौवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 3 नवम्बर 1982

सं० एम० डब्ल्यू०/एस० बी० आर०/9(6)/82—सरकार ने भारतीय शिपयार्ड उद्योग के अनिवार्य रूप से विकास करने की आवश्यकता को इस सन्दर्भ में ध्यान में रखते हुए कि विदेशों में भारतीय जहाजों की मरम्मत पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है और यह कि भारतीय शिपयार्ड में विदेशी जहाजों की मरम्मत होने में विदेशी मुद्रा की आय हो सकती है, महासागर में चलने वाले भारतीय और विदेशी जहाजों की मरम्मत करने वाले उद्योगों की यूनिटों को भी उन रियायतों/सुविधाओं को देने का निर्णय किया है जो 100 प्रतिशत निर्यात प्रधान उद्योगों को उपलब्ध है। अतः महासागर में चलने वाले जहाजों की मरम्मत करने वाली यूनिटों को नीचे लिखी सुविधाएं दी जायेंगी :—

(i) सीमा शुल्क अधिकरण इन यूनिटों को जहां भी ये स्थित हों, प्रबंधक सुविधाएं देंगे।

(ii) कल पुर्जों को आयात करने की मौजूदा सुविधा के साथ-साथ आयात शुल्क के बिना कच्चा माल और खपत की अन्य वस्तुओं व उद्योग के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

(iii) जब कभी आवश्यक होगा तब पूंजीगत वस्तुओं, कलपुर्जों, कच्चा माल और उपभोक्ता वस्तुओं का आयात करने के लिए अनुमति दी जाया करेगी।

(iv) मुक्त विदेशी मुद्रा या द्विपक्षीय ऋण के आधार पूंजीगत वस्तुओं के आयात की इस रीति से अनुमति दी जायगी कि यूनिट की लागत में अनावश्यक रीति से वृद्धि न हो जाय।

(v) प्रत्येक मामले में गुण दोष के आधार पर विदेशी सहयोग या विदेशी विशेषज्ञों से अस्थायी सहायता की अनुमति दी जायगी।

(vi) विदेशी मुद्रा नियंत्रण अधिनियम के तहत आने वाली यूनिटों के मामले में विदेशी शेयर पूंजी के विलय की शर्तें जहाज मरम्मत उद्योग में पूंजी निवेश करने पर लागू नहीं की जायेंगी। बड़े बड़े उद्योग गृहों को या जो यूनिटें एकाधिकार तथा निरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम के अधीन आती हैं उनको इस उद्योग में पूंजी लगाने के लिए वित्तीय संस्थाओं से सामान्य ऋण/शेयर पूंजी के अनुपात पर उधार लेने की अनुमति दी जायेगी।

(vii) इस उद्योग में काम करने वाले उन कलपुर्जों और कच्चा माल पर केंद्रीय उत्पादन शुल्क नहीं लगेगा जो देश में ही उपलब्ध है।

2. महासागर में चलने वाले जहाजों के मरम्मत उद्योग को और शक्ति चालित अन्य जलयानों के मरम्मत उद्योग को आयकर के मामले में नीचे लिखी रियायतें दी जायेंगी :—

(i) नये जहाज मरम्मत यूनिटों को उन्हें पहले पांच वर्षों में होने वाले लाभ पर आयकर अधिनियम, की धारा 80.1 के अधीन 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

(ii) इस रियायत के बाद पांच वर्षों तक पूंजी गत वस्तुओं पर एक पारी के यूनिट के लिए 15 प्रतिशत, दोहरी पारी के यूनिट के लिए 22½ प्रतिशत और तिहरी पारी के यूनिट के लिए 30 प्रतिशत की दर से मूल्यह्रास छूट दी जायेगी जिसमें फ्लोटिंग ड्राई डाक शामिल है।

(iii) जहाज मरम्मत उद्योग को 25 प्रतिशत की पूंजी निवेश छूट दी जायेगी। ये रियायतें संबंधित प्राधिकरण द्वारा आदेश जारी करने की तारीख से लागू होगी।

3. जहाज मरम्मत उद्योग में पूंजी लगाने की आवश्यकता को सिद्धान्त में स्वीकार कर लिया गया है जो चाहे नौवहन विकास निधि समिति (एस० डी० एफ० सी०) या भारतीय औद्योगिक वित्त निगम आदि किसी अन्य उपयुक्त वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से लगाई जाय। इन सुविधाओं को उपलब्ध करने की रीति की जांच की जायगी।

4. ये निर्णय देशी जहाज मरम्मत उद्योग के विकास के लिए नीति संबंधी उपाय अपनाने के प्रश्न पर विचार करने के लिए फरवरी 1982 में नौवहन महानिदेशक की अध्यक्षता में सरकार द्वारा गठित समिति की पिछली रिपोर्ट में दिये गये सुझावों को ध्यान में रख कर लिये गये हैं।

सं० एस० डब्ल्यू०/एस० बी० आर०/9(6)/82

पी० वी० वेंकटकृष्णन, संयुक्त सचिव

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1982

संकल्प

सं० पी० डब्ल्यू०/पी० टी० एच०–2/81—राष्ट्रीय बंदरगाह बोर्ड के पुनर्गठन के बारे में नौवहन और परिवहन मंत्रालय के संकल्प संख्या पी० डब्ल्यू०/पी० टी० एच०-2/81 दिनांक 10 जुलाई, 1981 में आंशिक संशोधन स्वरूप उक्त बोर्ड में इसकी बाकी अवधि में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व श्री मोहन नायर, तत्कालीन अध्यक्ष, इंडियन नेशनल पोर्ट एंड डाक वर्कर्स फेडरेशन (आई० एन० टी० यू० सी०) वास्को-डी-गामा, गोवा के बदले अब श्री सुब्रत मुखर्जी, अध्यक्ष, इंडियन नेशनल पोर्ट एंड डाक वर्कर्स फेडरेशन (आई० एन० टी० यू० सी०), कलकत्ता करेंगे।

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रति बोर्ड के सदस्यों, राष्ट्रपति के सचिव, प्रधान मंत्री के सचिवालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, योजना आयोग, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और संबंधित राज्य सरकारों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया गया कि संकल्प को सर्व साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस० पी० एम्ब्रोस, अपर सचिव

ऊर्जा मंत्रालय

(पेट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1982

आदेश

विषय :—के० एच०-2 संरचना में 156.75 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण/लाईसेंस की स्वीकृति।

सं० 0/12012/13/81-उत्पादन प्रोडक्शन—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उपनियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा के० एच० संरचना में

156.75 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 6-6-1981 से 4 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति दी है । इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिये गये हैं ।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाए गए तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा ।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जायेगी :

(i) समस्त अशोधित तेल तथा कैसिंग हैड कंडेंसेट पर 42/– रु० प्रति मीट्रिक टन या ऐसी दर जो समय समय पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी ।

(iii) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अधायगी, पेट्रोलियम मंत्रालय, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को दी जायेगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कंडेंसेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्व तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा।

(ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 की आवश्यकता के अनुसार आयोग 6000/– रु० की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा।

(च) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया हो, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी :—

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए	4 रु०
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए	20 रु०
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए	100 रु०
4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए	200 रु० और
5. लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए	300 रु० ।

(छ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 के उपनियम (3) की आवश्यकतानुसार आयोग को अन्वेषण लाइसेंस के किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता सरकार को दो माह के नोटिस के बाद होगी ।

(ज) केन्द्रीय सरकार की मांग पर उसको तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग अन्वेषण के अन्तर्गत पाये गये समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों व्यधन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा ।

(झ) आयोग समुद्र की तलहटी और/या उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए ऐसे उपकरण सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायेगा ।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (नियंत्रण और विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे ।

(ट) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक जैसा दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा ।

अनुसूची

इस पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के अन्तर्गत के० एस०-2 संरचना क्षेत्र आता है और जो अक्षांश 10° 51′ 38″ दक्षिण से 10° 58′ 59″ उत्तर तथा देशांतर 79° 56′ 53.52″ पश्चिम से 80° 07′ 11.04″ पूर्व के बीच है और मानचित्र में ए, बी, सी, और डी के किनारे के प्वाइंटों को मिलाते हुए चित्रित किया गया है तथा इसका क्षेत्रफल 156.75 वर्ग किमी मीटर है । जहां पर यह क्षेत्र स्थित है उसके प्वाइंट जिन अक्षांश और देशान्तरों पर पड़ते हैं उसके बीच की दूरी निम्नलिखित है :—

बेयरिंग

	अक्षांश			देशांतर		
	डि०	मि०	से०	डि०	मि०	से०
1. प्वाइंट ए है	10	56	38.28	79	56	53.52
2. प्वाइंट बी है	10	58	59.15	80	05	43.68
3. प्वाइंट सी है	10	54	01.02	80	07	11.04
4. प्वाइंट डी है	10	51	38	79	58	19.02

भूमि पर तीन मुख्य स्थानों की लगभग दूरी निम्नलिखित है :—

कराईकल—13.29 कि० मी०

नागपतनम—26.79 कि० मी०

पोर्तोनोवो—67.45 कि० मी०

अनुसूची 'ख'

अशोधित तेल, केसिंग हैड कंडेंसेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक विवरण ।

के० एच०–2 संरचना के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस ।

क्षेत्रफल 156.75 वर्ग किलोमीटर

माह तथा वर्ष

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये लीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर, प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हेड कंडेंसेट

प्राप्त किये गये कुल किलो लीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये किलो लीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घनमीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री————————सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं ।

भारत के राष्ट्रपति के नाम में और आदेश से
एन० एम० गोयल, निदेशक (अन्वेषी ठेके)

सिंचाई मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1982

संकल्प

सं० 18/1/80 हिन्दी—भारत सरकार ने सिंचाई मंत्रालय के लिए एक हिन्दी सलाहकार समिति गठित करने का निर्णय किया है । समिति का गठन, उसके कार्य, इत्यादि निम्न प्रकार होंगे :—

एक गठन

1. सिंचाई मंत्री	अध्यक्ष
2. सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री	उपाध्यक्ष
लोक सभा से दो सदस्य	
3. श्री पी० राजगोपाल नायडू	सदस्य
4. श्री पालस बर्मन	सदस्य
राज्य सभा से दो सदस्य	
5. श्री धुलेश्वर मीणा	सदस्य
6. श्री जे० एस० अकर्ते	सदस्य
संसदीय राजभाषा समिति से दो संसद सदस्य	
7. श्री नाथू राम मिर्धा, संसद सदस्य, लोक सभा	सदस्य
8. श्री गणपत वीरा लाल भगत, संसद सदस्य	सदस्य
राज्य सभा	
सरकारी सदस्य,	
9. सचिव, सिंचाई मंत्रालय	सदस्य
10. अपर सचिव, सिंचाई मंत्रालय	सदस्य
11. सचिव राजभाषा विभाग तथा भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार	सदस्य
12. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग	सदस्य
13. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली	सदस्य
14. निदेशक, केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, नई दिल्ली	सदस्य
15. प्रबन्ध निदेशक, जल तथा विद्युत सलाहकार सेवाएं (भारत) लिमिटेड, नई दिल्ली	सदस्य
16. अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना	सदस्य
17. अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड, नई दिल्ली	सदस्य
18. निदेशक, केन्द्रीय जल तथा विद्युत अनुसंधानशाला, पुणे	सदस्य
19. सचिव, केन्द्रीय सिंचाई तथा शक्ति मंडल, नई दिल्ली	सदस्य
20. महाप्रबन्धक, फरक्का बराज परियोजना, फरक्का, जिला मुर्शिदाबाद (प० बं०)	सदस्य
21. निदेशक, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की (उत्तर प्रदेश)	सदस्य
अखिल भारतीय हिन्दी संस्थाओं के प्रतिनिधि	
22. डा० रत्नाकर पाण्डेय, संयोजक, नागरी प्रचारिणी सभा 25 सेन्ट्रल लेन, बंगाली मार्किट, नई दिल्ली	सदस्य
23. श्री प्रभात शास्त्री, प्रधान मंत्री हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, 1523 कवि कुटीर दरागानी, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)	सदस्य
अन्य गैर सरकारी सदस्य	
24. श्री चन्द्र नाथ मिश्र, अधिवक्ता, उन्नाव, उत्तर प्रदेश	सदस्य
25. पद्मश्री नन्दकुमार अवस्थी, प्रभाकर मिलयम, चोपाटिया, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	सदस्य
26. डा० मलिक मुहम्मद, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय	सदस्य
27. श्रीमती शीला, झुनझुनवाला सुयुक्त संपादक 'हिन्दुस्तान' तथा 'कादम्बिनी' नई दिल्ली	सदस्य
28. श्री रणबीर, सम्पादक, 'मिलाप' नई दिल्ली	सदस्य
29. श्री क्षेम चन्द्र सुमन, "अजय निवास" दिलशाद कालोनी, शाहदरा, दिल्ली 110032	सदस्य
30. श्रीमती प्रभात दीक्षित सी० 239, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली ।	सदस्य
31. श्री बालमीकी चौधरी, चांदमारी रोड, पटना	सदस्य
32. संयुक्त सचिव, (प्रशासन) सिंचाई मंत्रालय	सदस्य
	सचिव

दो कार्य

यह समिति सरकारी प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग और सम्बन्ध मामलों पर सिंचाई मंत्रालय को सलाह देगी ।

तीन कार्यविधि

समिति का कार्यकाल, निम्नलिखित व्यवस्था के अध्याधीन, उसके गठन की तारीख से तीन वर्ष के लिए होगा :—

(क) एक सदस्य, जो संसद सदस्य है, उनके संसद सदस्य न रहने पर , वे समिति के सदस्य नहीं रहेंगे ।

(ख) समिति के पदेन सदस्य तब तक समिति के सदस्य बने रहेंगे जब तक वे उस पद पर बने रहेंगे जिस पद पर आसीन होने के कारण वे समिति के सदस्य है ;

(ग) यदि किसी सदस्य के मृत्यु हो जाने अथवा त्यागपत्र दे देने के परिणामस्वरूप, समिति में कोई रिक्ति हो जाती है, तो उसके स्थान पर नियुक्त सदस्य शेष कार्यकाल तक पद धारण करेगे ।

चार सामान्य

(i) समिति, जैसा आवश्यक समझे, अतिरिक्त सदस्यों को सहयोजित सदस्यों के रूप में नामित कर सकती है और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सकती है ।

(ii) समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा और वह किसी अन्य स्थान पर भी अपनी बैठकें आयोजित कर सकती है ।

पांच यात्रा तथा अन्य भत्ते

गैर-सरकारी सदस्यों को समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये भारत सरकार द्वारा समय समय पर नियत की गई दरों पर यात्रा तथा दैनिक भत्ते का भुगतान किया जाएगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प कि एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों तथा सघ राज्य प्रशासनों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेज दी जाय ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प जनसाधारण की सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय ।

अ० प्र० सिंह, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 7th December 1982

No. 48-Pres./82.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Andhra Pradesh Police :—

Name and rank of the officer

Shri Guntaka Panduranga Roa,
Constable No. 2243,
Tadepalli Police Station,
Guntur District (Andhra Pradesh).

Statement of services for which the decoration (Posthumous) awarded

